Report

on

विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज

by

सप्त सिंधु परिसर II

विकसित भारत@2047- भारत सरकार का विज़न

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश सप्त सिंधु परिसर II से समाज कार्य विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के वारे में अबगत करवाते हुये बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक सरकारी पहल है जो आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम स्वनिधि आदि जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए पूरे देश में चलाई जा रही है इसी के साथ रेड रिबन क्लब सहयोग से समाज कार्य विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने एचआईवी/एड्स और टीबी से संबंधित मुद्दों पर धवाला पंचायत में एक दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने घर-घर जाकर सभी को टीबी एचआईवी/एड्स मुक्त पंचायत अभियान के बारे में अवगत करवाया और एक नुक्कड़ नाटक के जरिये सभी जागरूक किया।इसी के साथ विकसित भारत@2047 के मुख्य दृष्टिकोण जैसे रोजगार बढ़ाना, वोकल फॉर लोकल, स्माल स्केल बिज़नस इत्यादि के वारे मैं युवाओं, ग्रामीणो को जागरूक करवाया

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश सप्त सिंधु परिसर II से समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के वारे में डोर टू डोर जाकर अबगत करवाया जा रहा है उन्नत भारत अभियान के तहत अंगीकृत गांबो में भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रहे बिभिन कार्यक्रमों जैसे आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम स्वनिधि आदि जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूकता दी जा रही है दुनिया की बढ़ती तकनीकी परिष्कार का पूरा लाभ उठाने और स्थिरता के लिए और अपनी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए ग्रामीणों को अवेयर किया जा रहा है

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान के तहत सप्त सिंधु परिसर II मे विकसित भारत @2047: युवाओं की आवाज के तहत भारत सरकार की स्कीमों के वारे में अबगत करवाया गया । इस कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रो संजीत सिंह ने परिचर्चा करते हुय भारत की आने बाली तस्वीर के बारे में अपने विचार साँझा किय उन्होंने विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में देश के युवाओं का मार्गदर्शन करने का दायित्व संभालने की बात रखी और बताया कि आज हमें इस संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि हर प्रयास और कार्य विकसित भारत के लिए ही करेंगे उन्नत भारत अभियान की नोडल ऑफिसर ब विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम ने छात्रों को कार्यक्रम में भाग लेने और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया।उन्होने पहल में पढाई करने वाले बचों को बताया कि विकसित भारत@2047 भारत सरकार का विज़न है, जिसका उद्देश्य 2047 तक, अपनी आज़ादी के 100वें वर्ष तक, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय सप्त सिन्धु परिसर देहरा में विकसित भारत @2047 – युवा की आवाज’ कार्यक्रम का देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा विकसित भारत पर कार्यक्रम करवाया गया जिसमें विभाग के विद्यार्थियों के लिए ‘विकसित भारत @2047 – युवा की आवाज’ के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ करवाई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम ने बताया कि सप्त सिन्धु परिसर देहरा में अलग अलग थीम्स के तहत जैसे ‘विकसित भारत @2047’ पर भारतीय परिवेश कैसा होगा, विकसित भारत@2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र इत्यादि कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इसी के साथ इस विजन में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलु केवारे में अबगत करवाया जा रहा है ।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिन्धु परिसर देहरा में “विकसित भारत @2047” के अन्तर्गत समाज कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को देखते हुए शोधार्थियों और शिक्षार्थियों को उन पांच बिन्दुओं से अवगत करवाया, जिसमें सशक्त भारतीय, सम्पन्न और सतत आर्थिकी , नवाचार विज्ञान और प्राद्यौगिकी, सुशासन और सुरक्षा जैसे विषयों के उपर सामूहिक चर्चा और प्रश्नोत्तरी करवाई गई। इसी के साथ निबंध प्रतियोगिता करवाई गई जिसका शीर्षक विकसित भारत @2047 – युवा की आवाज’ रहा

Preapred by
Shashi Punam
Nodal officer, Unaat Bharat Abhiyan